## खबर संक्षेप

### टेल नदी पर श्रमदान से 80 बोरियों का किया गया बोरी बंधान

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ₹जल संचय अभियान₹ अंतर्गत आव्हान पर जिला कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन और विकासखण्ड समन्वयक सुश्री वन्दना राकेसिया एवं परामर्शदाता मेंटर्स के नेतृत्व में आज सीएमसीएलडीपी के एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों द्वारा विकासखण्ड अमरवाड़ा के मोहलीभारत और करबडोल ग्राम पंचायत से होकर गुजरने वाली ठेल नदी पर लगभग 80 बोरियों का बोरी बन्धान 3 घण्टे के श्रमदान से पूर्ण किया गया।

### रानीखैरी में 22 बच्चों को गर्म स्वेटर का किया गया वितरण

**छिन्दवाड़ा।** स्कूल शिक्षा विभाग के विद्यालय उपहार योजना के तहत जिला कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल के मार्गदर्शन में उपहार योजना विद्यालयों में संचालित हो रही है । राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक श्री राकेश कुमार मालवीय (सचिव टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चाँद) ने बताया कि आज प्रभारी प्राचार्य श्री महेश कुमार रघुवंशी के द्वारा एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला रानीखैरी में 22 बच्चों को गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। उन्होंने पिता श्री स्व. तुकडसिंह रघुवंशी (शिक्षक) की प्रथम कर्मस्थली रानीखैरी के छात्रों को उनकी स्मृति में यह भेंट दी है ।

### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए किया गया प्रेरित

**छिन्दवाड़ा।** वीर अमर शहीद स्व. कबीर दास उईके शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के द्वारा शासन के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.पी.यादव के मार्गदर्शन में आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बिछुआ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उभेगांव में जाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं सरकार की योजनाओं में मेधावी योजना, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण, विक्रमादित्य योजना, छात्रवृत्ति, आवागम की सुविधा आदि के बारे में बताया।

## हरिभूमि की खबर का असर, आमजन को बड़ी राहत

# कलेक्टर की पहल से आबादी मद की जमीनों की रजिस्ट्री शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

दैनिक हरिभूमि में 8 दिसंबर को प्रकाशित खबर ''आबादी मद की जमीन की रजिस्ट्री ठप्प, बीमारी, शादी और पढ़ाई के लिए भी नहीं बेच पा रहे मकान'' पर जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की पहल पर संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर समस्या का समाधान किया गया, जिसके बाद शहर में आबादी मद की भूमि की रजिस्ट्री प्रक्रिया पुनः शुरू हो गई है।

बीते करीब पांच दिनों से आबादी मद की जमीनों की रजिस्ट्री बिना किसी अड़चन के पूर्व की भांति संपन्न हो रही है। इससे शहर के आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। अब मजबूरी या आवश्यकता की स्थिति में लोग अपनी आबादी मद की जमीन अथवा मकान का सौदा कर रजिस्ट्री करा पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीते लगभग दो वर्षों से आबादी मद की जमीनों की रजिस्ट्री प्रक्रिया लगभग ठप पड़ी थी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पहले लोग शिक्षा, बीमारी, विवाह अथवा अन्य आकस्मिक खर्चों के लिए अपनी आबादी मद की जमीन बेचकर तत्काल आर्थिक समस्या का समाधान कर लेते थे, लेकिन रजिस्ट्री प्रक्रिया में आई जटिलताओं के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा था।


दो साल से फंसा आमजन का सहारा, बीमारी, शादी और पढाई के लिए भी बेच नहीं पा रहे मकान और जमीन

आबादी मद की जमीन की रजिस्ट्री ठप्प

हरिभूमि

50 प्रतिशत नागरिक आबादी भूमि पर

शहर के 15 से 20 वार्ड पूरी तरह आबादी मद की भूमि पर बसे हुए हैं, जहां पिछले 150 से 200 वर्षों से लोगों के पैतृक मकान स्थित हैं। रजिस्ट्री नहीं होने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे और संकट में फंसते जा रहे थे। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की पहल से अब ऐसे परिवारों को आर्थिक संकट से उबरने में सहायता मिलेगी और आमजन को राहत की सांस नसीब होगी।

## मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से मिला लाभ

# फोटोकॉपी और आटा चक्की से आत्मनिर्भर बनी श्रीमती धुर्वे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले की जनपद पंचायत तामिया की श्रीमती श्वेता धुर्वे ने आजीविका मिशन से जुड़कर न केवल स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया, बल्कि अपने परिवार को भी स्थायी आजीविका का मजबूत आधार प्रदान किया है। श्वेता धुर्वे की यह सफलता कहानी ग्रामीण अंचल की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही है। श्रीमती धुर्वे स्नातक शिक्षित हैं तथा वर्ष 2017 में दुर्गा स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने नियमित बचत, बैठक सहभागिता और प्रशिक्षण के माध्यम से आजीविका गतिविधियों को समझा और आगे बढ़ने की योजना बनाई। वर्तमान में वे समूह सचिव के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# निम्न स्तरीय निर्माण पर निगम सख्त, सीसी सड़क डिस्मेंटल कर पुनर्निर्माण के आदेश

## निगम आयुक्त ने निर्माण के समय मॉनिटरिंग करने वाले कर्मचारियों पर नहीं की विभागीय जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर पालिका निगम में इन दिनों ठेकेदारों द्वारा निगम क्षेत्र धटिया एंव गुणवत्ताहीन सी सी सड़क का निर्माण कर रहे थे जिसकी बार बार शिकायत मिल रही है, शिकायत का अवलोकन करने आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा नगर पालिक निगम ने कायाकल्प अभियान 2.0 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 45 में पूर्व में निर्मित आंतरिक सीसी सड़क के निर्माण में खामियां पाए जाने पर कड़ा रुख अपनाया है। सड़क के सैंपल सिविल टेक्नोग्लोबल एडवांस टेस्टिंग भेजे गए और सेंटर की जांच रिपोर्ट के आधार पर नगर निगम ने



आइडियल कंस्ट्रक्शन ठेकेदार को सड़क डिस्मेंटल कर पुनः निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट दिनांक 20 नवंबर 2025 के अनुसार सड़क से लिए गए कोर सैंपलों की कंप्रेसिव स्ट्रैंथ मानक प्लेन और रिइंफोर्सड कंक्रीट IS456CI के अनुरूप नहीं पाई गई। रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि आवश्यक न्यूनतम समकक्ष क्यूब स्ट्रेंथ 22.5 $N/mm^2$ के मुकाबले औसत स्ट्रेंथ मानक से कम रही। नगर निगम आयुक्त द्वारा जारी नोटिस में कार्यपालन यंत्री को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा गया की टेस्ट रिपोर्ट और स्थल की वास्तविक स्थिति को देखते हुए संबंधित सीसी सड़क को तोड़कर पुनः मानकों के अनुरूप निर्माण आइडियल कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जाए। इस विषय में संबंधित इंजीनियरों पर विभाग द्वारा लापरवाही बरतने और काम के प्रति गंभीरता नहीं पाए जाने के एवज में विभागीय जांच और कार्यवाही सुनिश्चित की जानी थी। अगर तय मानकों के अनुरूप सड़क का निर्माण नहीं हुआ है तो इसके लिए संबंधित इंजीनियर और अन्य तकनीकी विशेषज्ञ भी उतने ही दोषी है क्योंकि जब सड़क का निर्माण किया जा रहा था तब वे अपने कार्य के प्रति गंभीर नहीं थे। ऐसे दोषी तकनीकी विशेषज्ञों और इंजीनियरों के विरूद्ध भी विभागीय जांच स्थापित कर उनकी देखरेख में बनाई गई सड़कों के अलावा उनकी कार्यप्रणाली को लेकर विश्लेषणात्मक रिपोर्ट विभागीय कार्यवाही की आवश्यकता है। अगर जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं की गई तो भ्रष्टाचार मुक्त सड़कें बनाना निगम के लिए आसान नहीं होगा।

# 1400 किलो महुआ लहान तथा 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा की गई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में वृत्त परासिया प्रभारी अधिकारी द्वारा आज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारांगा, गायगोहान दसवा मील एवं सोनापिपरी ग्राम में अवैध मदिरा विक्रताओ तथा मदिरा निर्माण के अड्डों में प्रभावी सघन दबिश कार्यवाही की गई। इस दबिश कार्यवाही में सबसे पहले ग्राम बारांगा में नाला किनारे झाड़ियों में तलाशी लेने पर 10 प्लास्टिक की कुप्पी में रखा 200 किलो महुआ लहान तथा एक चालू भट्टी में आरोपी सहित पकड़ा गया, जहाँ लगभग 05 लीटर हाथ भट्टी मदिरा भी बरामद कर प्रकरण कायम किया। इसके बाद ग्राम गायगोहान दसवा मील में 02 अलग-अलग मकानों की तलाशी में 01 प्लास्टिक कुप्पी एवं 03 प्लास्टिक की बोतलों से 20 लीटर हाथ भट्टी



मदिरा जप्त कर दोनों आरोपिया के विरुद्ध प्रकरण कायम किया गया। इसके बाद आबकारी बल ग्राम सोना पिपरी के जंगलों मे नाला किनारे बने अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों में अलग-अलग स्थानों में पेड़ के किनारे गड्ढों में 15 प्लास्टिक के ड्रमों में रखा 1200 किलो महुआ लहान बरामद कर सैंपल लेकर शेष लहान को नष्ट किया। इस दबिश कार्यवाही में कुल 1400 किलो महुआ लहान तथा 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जिसकी 142000 रूपये अनुमानित कीमत आंकी गई है। इस तलाशी एवं दबिश कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क, च अंतर्गत 03 आरोपी सहित कुल 06 प्रकरण कायम किया गया। दबिश कार्रवाई में वृत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक श्री जीत सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक श्री ओम नारायण बाम्हने, सुश्री दीपाली झारिया एवं सुश्री प्रियंका सरयाम का योगदान रहा।

## पंचतत्व में विलीन हुए कांग्रेस नेता पूनाराम बाविस्टाले

**सौंसर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूनारामजी बाविस्टाले का अंतिम संस्कार मंगलवार को ग्रह ग्राम देवी में किया गया,श्री बाविस्टाले के निधन पर सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कीकांग्रेस



परिवार के वरिष्ठ सदस्य, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पुनाराम बाविस्टाले के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। पार्टी एवं संगठन के प्रति आपका समर्पण, संघर्ष और योगदान सदैव स्मरणीय एवं प्रेरणादायी रहेगा।श्री बाविस्टाले के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि पुत्र पवन बाविस्टाले ने दि,अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक धार्मिक राजनीतिक सांस्कृतिक क्षेत्र एवं विभिन्न संस्थाओं से जुड़े हुए लोगों ने उपस्थित होकर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि सभा को वरिष्ठ कांग्रेस नेता भागवतराव महाजन, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ऑक्टे, पांढुर्णा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतन उईके सौसर विधायक विजय चौरे, पांढुर्णा विधायक निलेश उईके, पूर्व विधायक अजय चौरे, जय सक्सेना,पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अशोक चौधरी,विजय चौधरी,भाजपा नेता संतोष जैन,राजेद्र भक्ते,तुकाराम भक्ते,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी,लक्मन चाके,कादर मंसूरी,पत्रकार पी के एस गुरवे,चिंदबाजी सरोदे,ने कहा कि स्वर्गीय बाविस्टाले बहुआयामी प्रतिभा के धनि थे, अच्छे राजनेता के साथ-साथ वह एक कुशल पत्रकार वक्ता, और मिलनसार व्यक्ति थे।,17 साल तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर रहकर कांग्रेस संगठन क्षेत्र के लिए किये गए कार्य सदैव याद किए जाएंगे।

# अशोक भवन में हो रहा है शिव महापुराण कथा का आयोजन

## प्रतिदिन भगवान के विभिन्न लीलाओं का हो रहा है वर्णन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के अशोक मंगल कार्यालय में ठाकरे परिवार की ओर से शिव पंचायत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं संगीत में शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन किया जा रहा है, 11 दिसंबर से शुरू हुए कार्यक्रम में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन संपन्न हो रहे हैं,जिसमें बड़ी संख्या में नगर वासियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी श्रद्धालु पहुंचकर आयोजन का पुण्य लाभ ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थापित देवता पूजन कलश यात्रा से किया गया, वही प्रतिदिन आयोजन में सुबह 6 बजे काकड़ आरती देवता पूजन आरती कीया जा रहाहै, शिव महापुराण कथा हरिपाठ, संहिता वाचक सुनीताताई कुकडे,ओर संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह मैं भगवान के विभिन्न लीलाओं का कथा वाचिका हभप श्रीमती रेखाताई कंटक के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक भागवतराव ठाकरे, श्रीमती स्वाति ठाकरे ने बताया कि आयोजन में शिव पंचायतन देव धान्य निवास, मूर्ति नगर भ्रमण पूजन प्राण प्रतिष्ठा भजन, शिव पार्वती विवाह, भगवान राम लक्ष्मण आगमन आदि के प्रतिदिन कार्यक्रम हो रहे है। कार्यक्रम का समापन 18 दिसंबर को गोपाल काला कीर्तन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ में किया जाएगा, जिसमें हभप सोपान कालपांडे महाराज के मुखारविंद से गोपाल काला कीर्तन होंगा,आयोजन की सफलता के लिए हभप कोमल महाराज पोपटे, हभप राकेश महाराज चौधरी,हभप अविनाश महाराज पराड़कर, हभप सूर्यकांत महाराज शेंडे आदि मौजूद रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ में हुआ यज्ञ, पूर्णाहुति महाप्रसाद वितरण

**सौंसर।** गायत्री शक्तिपीठ सौसर के वार्षिकोत्सव स्थापना दिवस समारोह में मंगलवार को सैकड़ों परिजनों ने यज्ञाहुती प्रदान की, गायत्री परिवार की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो की महाप्रसाद वितरण के साथ में समापन हुआ। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी, उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, श्रीमती गुंजन राठी के द्वारा प्रारंभिक वैदिक पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,इसके पूर्व दौरान नगर में रैली निकालकर नगर भर्मण किया गया, मिली जानकारी के अनुसार पूज्य गुरुदेव प. श्रीराम शर्मा आचार्य के पावन चरण 16 दिसंबर 1981 को नगर सौसर में पड़े थे। गायत्री साधक इस संस्थान से जुड़े होने के साथ ही संपूर्ण विश्व में 25 करोड़ से अधिक पूज्य गुरुदेव के विचार प्रवाहक है। एक वैश्विक संघटन है। जो सनातन के आधार स्तंभ के रूप में जाना जाता है।प्रज्ञापीठ बोरगांव कार्यवाहक उमाजी चिपड़े,रामराव कालबाड़े,गजानन मस्तकार, पिपला नारायणवार प्रज्ञापीठ कैलाश चौधरी, नितिन बोड़े,अनिल गोरे आदि उपस्थित थे। गायत्री शक्तिपीठ के सह. प्रबंध ट्रस्टी चित्रसेन रबड़े ने सभी सुधिजनों का आभार व्यक्त किया, प्रबन्ध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे ने वार्ड नं 12 की महिला मंडल एवम नगरवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया, भविष्य में भी संस्थान को आप सभी का आत्मीयता भरा सहयोग मिलता रहने की बात कही। समापन अवसर पर महाप्रसाद का वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार से जुड़े हुए पदाधिकारी सदस्यों एवं नगर वासियों ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ लिया।

# योजनाओं की प्रगति पर कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश



**पांढुर्णा।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में 15 दिसंबर को महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की सेक्टरवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला कार्यालय एवं परियोजना कार्यालयों में रिक्त पदों पर पदपूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने तथा वन स्टॉप सेंटर के संचालन हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करने के निर्देश प्रदान किए गए। पोषण ट्रैकर ऐप में आधार सत्यापित हितग्राहियों के फेस कैप्चर एवं ई-केवाईसी की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने हितग्राहियों के पंजीयन, फेस कैप्चर, समग्र एवं ई-केवाइसी का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों में दर्ज समस्त हितग्राहियों का पोषण ट्रैकर ऐप में शत-प्रतिशत आधार सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित पर्यवेक्षकों को प्रदान किए गए। समस्त हितग्राहियों की आभा आईडी तथा 0 से 6 वर्ष के समस्त बच्चों का वजन पोषण ट्रैकर ऐप में शत-प्रतिशत दर्ज करने हेतु परियोजना अधिकारी एवं समस्त सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया गया।

# सांसद खेल महोत्सव में खेल प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ी

## छिन्दवाड़ा मुख्यालय में जारी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिदिन शामिल हो रहे सैकड़ों खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ी उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव निरंतर चल रहा है। खिलाड़ी प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं।

मंगलवार को भी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट के सामने जवाहर ग्राउण्ड में चल रहे मैच में विभिन्न मंडलों की टीम शामिल हुई यहां सीनियर जूनियर टीम में मैनीखापा मण्डल, पांढुर्ना मण्डल, सांवरी मंडल, तिगांव मण्डल के मध्य मैच कराया गया। जिसमें सीनियर क्वालीफाई टीम तिगांव मण्डल और जूनियर टीम मे मैनीखापा मण्डल रही। खेल निर्णायक समिति के सदस्यों में अमित मेहरा, एम.एल.भलावी, नीरज पीपले, अंकित सोलंकी, केशव उईके, रेवाराम बनवारी,




अखिलेश तिवारी, राहुल मथुरिया शामिल रहे। बालीबॉल प्रतियोगिताजिला स्तरीय बालीबॉल प्रतियोगिता का ओपनिंग मैच पांढुर्ना और चौरई के मध्य खेला गया। जिसमें चौरई विकासखण्ड विजेता रहा। इस मैच में जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रताप सिंह इवनाती, पीजी कॉलेज के स्पोर्टस ऑफीसर सुशील पटवा, चांद कॉलेज के स्पोटर्स ऑफीसर गेंदलाल विश्वकर्मा, खेल शिक्षक आनंद गिरीपुंजे, योगेश्वर प्रसाद चौरिया, जमील खान, नंदकिशोर बेलवंशी, दीनदयाल यादव, ईरानशाह मसराम सभी विकासखण्डों से आये कोच मैनेजर एवं निर्णायकों की उपस्थिति रही। मंगलवार को भी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता बास्केटबॉल प्रतियोगिता ओलंपिक स्टेडियम में खेली गई, जिसमें 16,17, एवं 25 वर्ष के 150 खिलाडियों ने भाग लिया ओलंपिक संघ बास्केटबॉल कोर्ट संयोजक चंचलेश डेहरिया, नीरज शर्मा अशोक साहू मार्गदर्शन में आयोजित की गई।प

## आख़िर कब जागेगा प्रशासन, चौरई–चांद रोड पर ठेकेदार की लापरवाही चरम पर

# अधूरी सड़क बनी मौत का कारण, 26 वर्षीय युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चांद मार्ग पर चल रहा अधूरा सड़क निर्माण अब आम जनता के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। ठेकेदार की घोर लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी के चलते एक और परिवार का चिराग बुझ गया। दो दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार द्वारा बिना किसी सुरक्षा मानक के जगह-जगह सड़क खोदकर छोड़ दी गई है। न तो चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं, न ही बैरिकेडिंग की व्यवस्था है। रात



के समय यह मार्ग मौत का जाल बन जाता है, जहां आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।दो साल से अधूरा पड़ा काम, जनता त्रस्तपिछले लगभग दो वर्षों से चौरई–चांद रोड का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है।

ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कभी काम शुरू करता है, तो कभी लंबे समय तक काम बंद कर देता है। सड़क पर उड़ती धूल से राहगीर और आसपास के रहवासी परेशान हैं, लेकिन धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव तक नहीं किया जा रहा।नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य कर रही उदित इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सवाल यह उठता है कि जब लगातार हादसे हो रहे हैं, लोगों की जान जा रही है, तो आखिर जिम्मेदारों पर शिकंजा क्यों नहीं कसा जा रहा? मौत का जिम्मेदार कौन? एक 26 वर्षीय युवक की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं—क्या अधूरी सड़क और बिना संकेतक छोड़ा गया गड्ढा मौत का कारण नहीं? क्या ठेकेदार की जवाबदेही तय नहीं होती? क्या प्रशासन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है?शोकाकुल परिवार आज इंसाफ की गुहार लगा रहा है और आम जनता पूछ रही है कि हर दिन हो रहे हादसों का आखिर जिम्मेदार कौन है?अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर मामले में उदित इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन पर कब और क्या कार्रवाई करता है, या फिर इस कंपनी को ऐसे ही संरक्षण मिलता रहेगा और आम जनता यूं ही अपनी जान गंवाती रहेगी।जनता का सब्र जवाब दे रहा है, अब कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तय है।। इनका कहना है थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले -- सूचना मिलते हो घटना स्थल पर पता चला युवक कांक्रीट रोड पर टकराया था जांच जारी है जो भी दोषी होगा कार्यवाही की जाएगी।

## बिछुआ में 15 दिसंबर को इको क्लब द्वारा नर्सरी विकास एवं लीफ कम्पोस्टिंग पर प्रशिक्षण संपन्न

# नर्सरी विकास एवं लीफ कम्पोस्टिंग पर हैंड्स-ऑन का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

आज पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नर्सरी विकास एवं लीफ कम्पोस्टिंग विषय पर आधारित हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल के द्वारा प्रायोजित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 16 दिसम्बर 2025 को शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में इको क्लब द्वारा नर्सरी विकास एवं लीफ कंपोस्टिंग विषय पर परियोजना कार्य के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.पी. यादव के द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिशन लाइफ के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई । तथा उन्होंने पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाने के लिए समस्त ईको क्लब के विद्यार्थियों को प्रेरित किया । प्राध्यापक डॉ.पूजा तिवारी ने जल संरक्षण पर महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की । ईको क्लब प्रभारी डॉ.नवीन कुमार चौरसिया द्वारा इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पौध तैयार करने की वैज्ञानिक विधि, बीज उपचार, मिट्टी मिश्रण, रोपाई तकनीक तथा पौधों की देखभाल की व्यावहारिक जानकारी दी गई । तथा विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान मिटटी के गमले में पौधों को लगाकर पर्यावरण जागरूकता का सन्देश दिया । कार्यक्रम के दौरान सूखी पत्तियों से कम्पोस्ट बनाने की विधि का

## शासकीय कॉलेज दमुआ में मनाया विजय दिवस

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 16 दिसंबर को विजय दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने की।इस अवसर पर 1971 के भारत–पाक युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक विजय एवं शहीद सैनिकों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने अपने उद्बोधन में विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से देशभक्ति, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार कुशवाहा, सह संयोजक सुषमा टांडेकर एवं दिनेश इवनाती रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई।

## पुराना बस स्टाप पर शौचालय की व्यवस्था बनाने की मांग

**दमुआ।** पुराना बस स्टाप दमुआ में शौचालय नही होने से शौच आने जाने में महिला एवं पुरूषो को भारी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है इतने बडे दमुआ शहर के पुराने बस स्टाप दमुआ के शौचालय की व्यवस्था तक नही बनाई गई है। जबकि इतने बडे आबादी वाले दमुआ बस स्टेण्ड क्षेत्र में बसाहट सहित दुकानदार व्यापारी नागरिक आदि समस्त लोगो सहित बाहरी जन मानस यात्रियो का भी हमेशा आना जाना बना रहता है फिर न.पा. दमुआ द्वारा शौचालय की कोई व्यवस्था तक नही बनाई गई है। खास बात तो यह है कि न.पा दमुआ द्वारा आमजन से समय समय पर विभिन्न प्रकार के टेक्स भी वसूले जाते है परन्तु आज तक मूलभूत जैसी समस्या की ओर ध्यान नही है स्थानीय समाज सेवीयों एवं नागरिकों ने जन प्रतिनिधिगण न.पा. अध्यक्ष, सभापति, पार्षद, एवं संबंधित मुख्य न.पा. अधिकारी दमुआ का इस ओर ध्यान आर्कषित कर शीघ्र ही पुराने बस स्टेण्ड दमुआ मे शौचालय एवं मुत्रालय की वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की मांग की है।

## एनसीसी कैडेट्स की शिकायत पर कलेक्टर का त्वरित एक्शन



**पांढुर्ना।** कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र से आनेजाने वाले एनसीसी कैडेट्स ने आज जनसुनवाई में प्राइवेट बसों द्वार अनाप-शनाप किराया वसूली करने की शिकायत कलेक्टर नीरज कुमार श्रीवास्तव से की। कैडेट्स ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से महाविद्यालय आनेजाने के दौरान निजी बस संचालक निर्धारित किराए से अधिक राशि वसूलते है। इस कारण उन्हें नियमित रूप से परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस पर कलेक्टर महोदय ने तत्काल संबंधित अधिकारी को अवगत किया और समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर जिले आरटीओ अधिकारी अनुराग शुक्ला ने स्वयं कला एवं वाणिज्य विद्यालय में पहुंचकर एनसीसी कैडेट्स से जादा किराया वसूली किए जाने की शिकायत पर चर्चा की। आरटीओ अधिकारी ने जादा किराया वसूली की शिकायत के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व बडचिचोली निवासी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा उक्ताशय की शिकायत कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर की गई थी। उस समय भी कलेक्टर महोदय ने आरटीओ अधिकारी को तत्काल मोबाइल पर संपर्क कर शिकायत दूर करने को कहा था। कलेक्टर महोदय ने कहा था कि आरटीओ पांढुर्ना से छिंदवाडा, नागपुर, अमरावती और बैतुल रोड पर स्थित बडे शहरों और गांवों की निर्धारित टिकट लिखकर पत्र जारी करें। इस पत्र को नगरपालिका पांढुर्ना बस स्टैंड परिसर में बडे अक्षरों में अलग अलग जगह पर चस्पा करेगी। लेकिन आरटीओ द्वारा शहरों के आगे नाम और किराया लिखकर सूची जारी करने में रूची नहीं ली है। यदि ऐसी सूची जारी होती है तो बस यात्रियों के शोषण पर लगाम लग सकती है।

## पूर्व विधायक ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की सौजन्य भेंट



**चौरई।** भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे व पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंटकर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की ।

## 117 विद्यार्थियों को ठंड से बचने बांटे स्वेटर

**जुन्नारदेव।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र ठाकुर ने बताया कि समिति आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अतरवाड़ा पहुँची और यहाँ अध्यनरत 117 विद्यार्थियों को ठंड से बचने जनपद सदस्य साक्षी गोलू पटेल और स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य राहुल साहू जी के सहयोग से जैकेट्स का वितरण किया साथ ही समिति द्वारा शाला में विजय दिवस मनाया गया और बच्चो को भारत पर पाक की विजय गाथा के बारे में बताया गया और इस अवसर पर विजय दिवस लिए शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर समिति ले जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र ठाकुर,जनपद सदस्य श्रीमति साक्षी गोलू पटेल आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे कांग्रेसी, तीन घंटे तक किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

नियमित विद्युत आपूर्ति और मक्का के कम रेट को लेकर सिंगोड़ी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा बस स्टैंड में किसानों का प्रदर्शन तीन घंटे से ज्यादा चला। ज्ञापन और सिंगोड़ी जेई को लेकर कुछ देर के लिए माहौल बिगड़ गया गुस्साए नेताओ और किसानों के द्वारा सड़क पर बैठ कर नारेबाजी की गई। कुछ देर बाद आए सिंगोड़ी जेई से बात करने के बाद कांग्रेस नेताओ ने तीन सूत्रीय मांग को महामहिम राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस के अनुसांगिक संगठन सिंगोडी के द्वारा तीन सूत्रीय मांगो को लेकर बस स्टैंड परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें कांग्रेस किसान के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में और धीरन शाह चंपालाल कुर्चे के नेतृत्व में प्रदर्शन करीब तीन घंटे चला। इस दौरान आशीष जैन ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार की जमकर आलोचना की उन्होंने कहा देश और गांव के किसानों को वर्तमान सरकारों ने बर्बाद कर दिया। पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा पूर्व में आंदोलन का नतीजा है चार पांच सौ रुपए मक्का के दामों में तेजी आई नही तो एमएसपी की बात सरकार करती मगर किसानों के साथ सिर्फ छलावा करती है।

वही मक्का और बिजली की कटौती को लेकर पहली बार सिंगोड़ी कांग्रेस में स्थानीय स्तर पर तेजतर्रार बक्ता देखने को मिले और किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस के इस आंदोलन में उपस्थित लोगो में जान भी फूकी गई। इस दौरान शैलू सेंगर आशीष जैन महेश धुर्वे आसिफ मिस्कीनी जीतू जैन बलराम पटेल विनोद सिंगोरे असरफ पटेल हँसलाल परते रवि वर्मा नन्हे नागेश घनश्याम पटेल सुनील पांडे बलराज पटेल राजेश पटेल मुन्ना पटेल आदि मौजूद रहे।

## माहुल वाले हनुमान दादा मंदिर में मनाया जाएगा रजत जयंती स्थापना दिवस

**चांदामेटा / परासिया :-** श्री माहुल वाले हनुमान दादा मंदिर गाजनडोह रोड चांदामेटा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 24/12/2025 दिन बुधवार को सिद्ध चमत्कारिक हनुमान के मंदिर का पच्चीसवां ( रजत जयंती ) वार्षिक स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा । जिसमें प्रातः आठ बजे से हनुमान महाराज का महाभिषेक , शनिदेव एवं शिवलिंग का अभिषेक किया जाएगा । जिसके पश्चात दस बजे से विधि विधान के साथ हवन पूजन किया जाएगा । दोपहर बारह बजे से भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं दो बजे से प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा राम हनुमान जागरण एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा । संध्या अभिषेक पांच बजे के पश्चात छह बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा । जिसमें सभी क्षेत्रवासी सादर आमंत्रित है । सनद रहे , कि लगभग पच्चीस वर्ष पूर्व मंदिर के पुजारी चेतु उइके को हनुमान जी के दर्शन के बाद उन्होंने चीतल वन चांदामेटा की सुगम वादियों में हनुमान जी की स्थापना कर पूजन शुरू किया था । उसके पश्चात क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों द्वारा एक छोटे से मंदिर का निर्माण किया गया । तत पश्चात धीरे धीरे निर्माण कार्य शुरू हुआ एवं शिवलिंग की स्थापना , एक सुंदर शनि मंदिर की भी स्थापना की गई । साथ ही साथ पर्यावरण प्रेमियों द्वारा मंदिर के आसपास विभिन्न औषधी पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का कार्य भी किया जा रहा है । मंदिर समिति एवं वन विभाग के सहयोग से वन्यप्राणियो एवं पेड़ो के संरक्षण का कार्य भी किया जाता है ।



## मप्र में पीएमउएमएस कर्मचारी कल्याण कोष की ऐतिहासिक पहल : शरद शिववेदी

**जुन्नारदेव /छिंदवाड़ा-** मध्य प्रदेश के शिक्षकों द्वारा संचालित पी एम यू एम एस कर्मचारी कल्याण कोष के द्वारा एक उल्लेखनीय पहल प्रस्तुत की गई है। दमोह जिले के शिक्षक दिलीप लोधी की असमय मृत्यु उपरांत उनके परिवारजनों पत्नी व पुत्र को संघ की ओर से शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है ।जिला छिंदवाड़ा के ब्लॉक जुन्नारदेव के अध्यक्ष शरद कुमार शिववेदी ने बताया कि मध्य प्रदेश के नवनिर्मित शिक्षक संघ का मूल उद्देश्य शिक्षक की मृत्यु होने पर उसके परिवारजनों को आर्थिक सहयोग प्रदान करना है ,भविष्य में कम से कम एक करोड़ रुपए सहयोग राशि संबंधित के परिवारजनों को प्रदाय किया जाएगा। इस उद्देश्य को लेकर के यह शिक्षक संघ का गठन किया गया है ताकि शिक्षक के परिजनों को संवेदना के साथ-साथ संबल प्रदान किया जा सके।यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता ही नहीं बल्कि संवेदना के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता व मानवता की एक मिशाल है।

# आज होगी नामांकन पत्रों की जॉच, 18 को नाम वापसी व 29 को होगा मतदान

***झालीवाड़ा सरपंच पद हेतु 2, वारा में पंच पद हेतु 2 व झालीवाड़ा में पंच पद हेतु एक नामांकन पत्र जमा***




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत बालाघाट एवं कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा द्वारा जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के सरपंच एवं 3 पंचायतों के 3 वार्डो के पंचों के निर्वाचन के लिए उपचुनाव की अधिसूचना के बाद नामांकन पत्र जमा करने के अंतिम दिन 15 दिसम्बर को झालीवाड़ा सरपंच पद हेतु 2 एवं वारा ग्राम पंचायत के पंच पद हेतु 2 व झालीवाड़ा पंचायत के पंच पद हेतु एक नामांकन पत्र जमा किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत सिर्रा के एक पंच पद हेतु कोई भी नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया है।

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के सरपंच पद हेतु अनुसूईया अशोक शरणागत व उमेश्वरी सरोवर देशमुख द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए है। वहीं वार्ड नम्बर 6 के पंच पद के लिए एकमात्र नामांकन पत्र अशोक पांडूरंग शरणागत द्वारा जमा किया गया है। ग्राम पंचायत वारा के वार्ड नम्बर 12 के लिए दो नामांकन पत्र क्रमशः भागवंती त्रिकोलसिंह सिरसाम व रायसिंग बराती पन्द्रे द्वारा जमा किया गया है। ग्राम पंचायत सिर्रा के वार्ड नम्बर 11 के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया है।

इन नामांकन पत्रों की समीक्षा 16 दिसम्बर 25 को प्रातः साढ़े 10 बजे से होगी। उसके बाद वैध पाए जाने वाले नामांकन पत्रों के उम्मीदवार 18 दिसम्बर 25 के अपरान्ह 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते है, उसके बाद चुनाव चिन्हों का वितरण कर दिया जायेगा। इसके बाद 29 दिसम्बर 25 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं द्वारा मतदान किया जायेगा।

अधिसूचना के अनुसार पंच पद के लिए जिन बूथो में मतदान होगा, वहीं पर मतदान की तिथि पर ही मतदान समाप्ति के बाद मतों की गणना की जायेगी, जिनका सारणीकरण व परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 26 को जनपद पंचायत वारासिवनी के नये सभा कक्ष में की जायेगी। वहीं ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के सरपंच पद के लिए मतदान होने के बाद उसकी मतगणना जनपद पंचायत वारासिवनी के नये सभा कक्ष में 2 जनवरी 26 को प्रातः 8 बजे से की जायेगी। मतगणना के बाद उसका सारणीकरण व परिणाम की घोषणा की जायेगी।

यहाँ उल्लेखनीय हैं कि ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में सरपंच पद की प्रत्याशी अनुसूईया अशोक शरणागत को पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से सरपंच पद से हटाया गया था। लेकिन अब वह पुनः सरपंच पद की प्रत्याशी बन कर चुनाव मैदान में उतर गई है।

### शहर की सुंदर बसाहट में स्वर्गीय कस्तूरचंद वर्मा की अहम भूमिका-शाहिद खान

## शासकीय कमला नेहरू स्कूल परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का विधायक पटेल ने किया भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के शासकीय कमला नेहरू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विधायक विवेक विक्की पटेल के कर कमलों से लगभग 6 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत स्कूल परिसर में लगने वाले पेवर ब्लाक कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में पहुँचने पर विधायक विवेक विक्की पटेल का छात्र-छात्राओं द्वारा गीत के माध्यम से स्वागत किया गया और माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न किया गया।

विदित हो कि विवेक विक्की पटेल के विधायक बनने के बाद क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों को हरी झंडी मिली हैं। इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए क्षेत्र को खुशहाल बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। इस दौरान कांग्रेस नेता अधिवक्ता शाहिद खान, डॉ. जेसराज पारधी, अधिवक्ता रामकिशोर बिसेन, सुदेश गुड्डु सोनी, अनिल पिपरेवार, अनीश बेग, राजकुमार चौधरी, हरि क्षीरसागर, सत्तू बिसेन, संदेश बिसेन आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शाहिद खान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नगर विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व नगरपालिका परिषद वारासिवनी के प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय कस्तूरचंद वर्मा का जिक्र करते हुए कहा कि इस शहर का नक्शा नगरपालिका परिषद वारासिवनी के प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय कस्तूरचंद वर्मा ने बनाया है। उन्होंने कौन सा स्कूल और शासकीय विभाग किस स्थान पर रहेगा?,बगीचा कहॉ होगा? अस्पताल कहॉ होगा सहित अन्य व्यवस्थाओं को बहुत कुशलता व सूझबूझ के साथ निर्मित करवाया। उन्हीं की देन हैं कि आज शहर की बहुत सुंदर बसावट हैं। उन्होंने कहा कि पहले कमला नेहरु कन्या शाला नेहरु चौक के पास स्थित स्वर्गीय शंकरसाव पिपरेवार जी के भवन में लगती थी, बाद में नगरपालिका अध्यक्ष स्वर्गीय कस्तूर चंद वर्मा के कार्यकाल में कमला नेहरु कन्या शाला के भवन का निर्माण करवाया गया और उसका उद्घाटन तत्कालीन शिक्षा मंत्री परमानंद पटेल द्वारा किया गया।

## राम नाम की धुन में रंगा शहर: गंज चौक में शुरू हुई संगीतमय श्रीराम कथा महापुराण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** आदर्श जीवन शैली और सामाजिक समरसता का भाव जागृत करने के लिए में समस्त धर्म प्रेमियों, नगर वासियों और तुलसी रामायण महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में संगीतमय श्री राम कथा महापुराण का आयोजन पुरानी कृषि उपज मंडी गंज चौक में 15 दिसंबर सोमवार से किया गया है। दोपहर 02 बजे शहर के सिवनी रोड स्थित शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियों ने हिस्सा लिया। भव्य कलश शोभायात्रा के साथ रथ पर कथावाचक संत श्री माधव दास महाराज ने पूरे शहर का भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम की जय घोष से पूरा शहर राम रंग में रंगा हुआ नजर आया। शोभायात्रा ने कथा स्थल गंज चौक में विराम लिया। तत्पश्चात व्यास का पूजन किया गया और महात्म्य मंगलाचरण और राम भजन की प्रस्तुति हुई। इसी शोभायात्रा के साथ 9 दिवसीय महापुराण का आयोजन का शुभारंभ हुआ। व्यास पीठ पर आसीन कथावाचक मंगलवार को शिव विवाह, बुधवार को नारद प्रसंग, गुरुवार को राम जन्मोत्सव, शुक्रवार को राम विवाह, शनिवार को वनवास प्रस्थान, रविवार को केवट मिलाप, सोमवार को भरत मिलाप और फिर अंतिम दिन यानी मंगलवार को राम राज्याभिषेक की कथा का वाचन कर कथा का समापन करेंगे। आयोजकों ने समस्त धर्म प्रेमियों से महापुराण में शामिल होकर धर्म लाभ कमाने की अपील की है।

## विधायक की अनुशंसा पर छात्रावास में रह रहे है दोनों अनाथ बच्चे, शासकीय सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास लांजी का मामला

# दो दिन से अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चे की सुध लेने भी नहीं पहुंच सके छात्रावास अधीक्षक

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सरकारी छात्रावास मुख्य रूप से सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्रों, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों से आने वाले बच्चों को शिक्षा तक समान पहुँच प्रदान करने, उन्हें सुरक्षित और सहायक वातावरण देने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू किए गए हैं, ताकि वे महंगी शिक्षा या घर से दूरी के कारण पढ़ाई न छोड़ें और माध्यमिक व उच्च शिक्षा पूरी कर सकें। परंतु लांजी विकासखंड अंतर्गत शासकीय सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास लांजी में इन शासकीय नियमों का कोई मापदंड नहीं है। उक्त छात्रावास में क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे की अनुशंसा पर रह रहे दो मासूम बालक प्रियांश भीमटे एवं रियाल भीमटे भी रहकर अध्ययन कर रहे है। प्रियांश एवं रियाल के पिता रंजीत भीमटे का कोरोना काल में देहांत हो चुका है जिसके कारण इन दोनो बालको की मां भी अपना मानसिक संतुलन खो चुकी है। जिस पर विधायक राजकुमार कर्राहे ने मानवता का परिचय देते हुए दोनो बालकों शासकीय स्कूल में दाखिला कराकर उन्हें शासकीय सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास लांजी में आश्रय दिलाया था। परंतु छात्रावास में उक्त दोनो बच्चों के दर्ज नहीं होने के कारण छात्रावास अधीक्षक पुरूषोत्तम मुरकुटे का इन पर कोई ध्यान नहीं है। जिसके परिणाम स्वरूप बालक प्रियांश भीमटे जो पिछले चार दिनों से अस्वस्थ है जिसकी जानकारी उसके द्वारा अधीक्षक को दी गई तो उसके द्वारा बच्चों को स्वयं सरकारी अस्पताल जाकर इलाज कराने की बात कही गई। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप ने कहा की यह काफी निराशाजनक है की एक छात्रावास अधीक्षक अपने बीमार छात्र की दो दिन से अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद सुध लेने नहीं पहुंचा, जो कि एक बड़ी लापरवाही और जिम्मेदारी से बचने का उदाहरण है, जिससे छात्रावास प्रशासन और अधीक्षक के प्रति गंभीर सवाल उठते हैं कि वे छात्रों की देखभाल और सुरक्षा के प्रति कितने गंभीर हैं।



**रोज शाम को घर चले जाते है अधीक्षक:** सिविल अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती प्रियांश ने बताया की विधायक श्री कर्राहे द्वारा उन्हें छात्रावास में आश्रय दिलवाया गया था। परंतु यहां उनके साथ सामान्य बच्चों जैसा वातावरण नहीं मिलता। जिसका मुख्य कारण उनका छात्रावास की दर्ज संख्या में दाखिला नहीं होना है। उन्होने बताया की छात्रावास अधीक्षक पुरूषोत्तम मुरकुटे रोजाना शाम को 5 बजे या उससे पहले अपने पालडोंगरी स्थित आवास में चले जाते है और कर्मचारियो के भरोसे ही छात्रावास संचालित होता है। दो दिनों से अस्पताल में भर्ती बच्चों की जानकारी होने के बावजूद अधीक्षक उनका हाल चाल जानने नहीं जा सके। जिससे उनकी बच्चों के प्रति गंभीर लापरवाही देखने को मिली।

**सिकलसेल का मरीज है बालक रियाल भीमटे:** जानकारी अनुसार सिविल अस्पताल में भर्ती प्रियांश का छोटा भाई रियाल भीमटे सिकलसेल नामक बीमारी से पीड़ित है। उक्त दोनो ही बालको की संपूर्ण जिम्मेदारी विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा उठाई जा रही है एवं समय-समय पर उनकी देखरेख और उनकी आवश्यकता की चीजे उन्हें उपलब्ध कराई जाती है। दोनो बच्चों के ऊपर मां बाप का साया उठ जाने एवं कोई रिश्तेदार द्वारा उनकी जवाबदारी नहीं लेने पर विधायक श्री कर्राहे द्वारा स्वयं उनकी जिम्मेदारी उठाते उनका अभिभावक बनकर उनका लालन पालन किया जा रहा है। छात्रावास में भी दोनो बच्चों के रहने के लिये श्री कर्राहे द्वारा विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर उनके रहने की व्यवस्था छात्रावास में कराई गई थी। श्री कर्राहे ने बताया की प्रियांश भीमटे काफी होनहार बालक है जिसके द्वारा कक्षा सातवी में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किये थे। वहीं प्रियांश भीमटे पढ़ाई में काफी होनहार है ।

### विधायक का प्रयास सराहनीयः कश्यप

इस संबंध में ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच ने कहा की यह अत्यंत ही निराशाजनक है। हमारे क्षेत्र के विधायक द्वारा असहाय एवं अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा एवं शासकीय सेवाओं का लाभ मिल सके इस हेतु बेहतर प्रयास किये गये वहीं अधीक्षक द्वारा छात्रावास में बच्चों के दर्ज नहीं होने से उन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जो उनकी कुत्सित मानसिकता को दर्शाता है। उन्होने कहा छात्रावास में चारो तरफ अव्यवस्था का आलम है, हर तरफ गंदगी पसरी पड़ी है जिस पर अधीक्षक कोई ध्यान नहीं है। चार कर्मचारियों के होने के बाद भी ऐसे हालात है जो कतई माफ करने लायक नहीं है। विभागीय अधिकारियों को ऐसे अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करके सख्त कार्यवाही करना चाहिए और ताकि अन्य अधीक्षकों को इससे सबक मिले जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा दोनो बच्चों की पूर्ण जिम्मेदारी उठाई जा रही है। वहीं दोनो बच्चो के रहने के लिये उच्च अधिकारियों से चर्चा कर छात्रावास में रहने की व्यवस्था बनाई गई थी एवं अधीक्षक को सभी बच्चों के जैसे ही ध्यान रखने कहा गया था। जबकि दोनो बच्चों की अन्य जिम्मेदारियों का मेरे द्वारा स्वयं ध्यान रखा जाता है उन्हें रोजमर्रा की सभी आवश्यक चीजों की सहूलियत हम करा रहे है। परंतु छात्रावास अधीक्षक का ऐसा रवैया कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्हें हटाने के लिये विभाग को पत्र लिखा जाएगा और सख्त कार्यवाही के लिये कहा जाएगा।

**राजकुमार कर्राहे, विधायक**
**लांजी किरनापुर विस**

**खबर संक्षेप**

## अधिवक्ता संघ लखनादौन के होंगे चुनाव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अधिवक्ता संघ लखनादौन में वर्ष 2026-27 के लिए चुनाव संपन्न कराने के लिए अधि विक्ता संघ लखनादौन के नियुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अधिवक्ता हरीश कुमार जैन, एवं अधिवक्ता सुनील यादव द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ता संघ लखनादौन में चुनाव की तिथि 08/01/2026 निश्चित कि गई है तथा अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों को 19/12/2025 तक मासिक शुल्क जमा करवा कर नो-ड्यूज प्राप्त करने को कहा गया है ताकि मतदाता सूची का प्रकाशन समयानुसार हो सकें ।




# शेम रॉक जैक एंड जिल विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत की दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।


कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता हेतु 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनोज लारोकर एवं प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक के मार्गदर्शन में शेम रॉक जैक एंड जिल विद्यालय जिला सिवनी में सामूहिक शपथ के माध्यम से भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

### बाल विवाह के दुष्परिणाम को बतलाया सोनल सक्सेना ने

कार्यक्रम में सेंटर एडमिन श्रीमति नारायणी सक्सेना ने बाल विवाह के दुष्परिणाम बतलाए।
केस वर्कर श्रीमती सोनल सक्सेना ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी प्रदान की और बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमति शेफाली अभय निगम ,शिक्षकगण सहित लगभग 60 छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## प्रतापगढ़ में श्रीमद भावगत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ 28 से



**सिवनी।** छपारा के पास केवलारी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ में कतिया समाज के नागेश परिवार के द्वारा उनकी बेटी सुमन नागेश की स्मृति में भागवत पुराण का आयोजन किया गया है जिसमें कथावाचक भगवत भूषण पण्डित श्री उमानंद शास्त्री महाराज ।श्रीधाम वृन्दावन वाले, के द्वारा दिनांक- 28 दिसम्बर से 04 जनवरी 2026 तक भागवत पुराण का आयोजन किया गया है जिसमें । ग्राम-प्रतापगढ़ मैं होना है और प्रतिदिन कथा समय दोपहर 01 बजे से सायं 05 बजे तक होगा। नागेश परिवार के निज निवास में यह श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जिसमे पुराण वाचक पं. श्री उमानंद शास्त्री जी महाराज के मुखारबिंद से आध्यात्मिक कथा का अमृत प्रवाह किया जावेगा। अतः सभी पारिवारिक रिश्तेदार एवं आसपास के पूरे गांव के लोगों को सपरिवार सहित इस मंगलमयी कार्यक्रम मे सादर आमंत्रित हैं । और इस भागवत पुराण में आकर कथा सुने और पुण्य लाभ अर्जित करें।

जुआरियों एवं सटोरियों पर कोतवाली पुलिस की ताबड़तोड़ रेड़

# एक साथ 26 आरोपी गिरफ्त में,10600 रुपये नकदी जप्त



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो श्रीमान्‌ के नेतृत्व में समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड़ कार्रवाई की जाती रही हैं, इसी क्रम में ए.एस.पी.दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अमन होटल के पीछे सिवनी में जुआ एवं सट्टा खेल रहे 15 जुआरियों एवं 11 सटोरियों को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा।
उल्लेखनीय है कि दिनांक 15/12/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई है कि अमन होटल के पीछे कुछ लोग रुपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का खेल रहे जो तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर दबिश देकर 15 जुआरियों एवं 11 सटोरियों को पकडऩे में सफलता हासिल हुई जुआरियों के पास से नकदी 4700 रुपये एवं 52 तांस के पत्ते एवं सटोरियों के पास से 5900 रुपये एवं सट्टा पट्टी मिलने पर विधिवत जप्त कर 0.3 जुआ एक्ट एवं सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया।

# यात्री बस का टायर फटा: अनियंत्रित होकर पलटी बस, एक दर्जन से अधिक यात्री घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राज्यमार्ग 34 में चौथा मील के समीप दोपहर लगभग 2 बजे एक सड़क हादसा हो गया। जहां बस का टायर फटने से यात्री बस पलट गई जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।
जानकारी जे अनुसार रॉयल बस क्रमांक MH 17 BY 0909 जबलपुर से नागपुर जा रही थी। जब बस नेशनल हाईवे 34 चौथा मील के पास पहुंची तो अचानक बस का टायर फट गया, जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में ड्राइवर सहित बस में सवार एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस को दी, सूचना मिलने के बाद लखनादौन पुलिस ,एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। और लोगो की मदद से घयलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ वहां लोगो व वाहनों का आना जाना अधिक होता है, यदि घटना के समय लोग मौजूद रहते तो बड़ा हादसा हो सकता था। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत प्रसाद दुबे का कहना है कि सूचना मिली थी कि अनियंत्रित होकर बस पलटने से कुछ लोग घायल हुए हैं। फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है। और घायलो के सम्बंध में जानकारी जुटाई जा रही है।





### सिवनी बस हादसे ये हुए घायल:-

कंडक्टर नरेश पुत्र सकुनलाल कुमरे (30) जाम, कंडक्टर के अलावा घायल हुए यात्रियों में अंशुथा बाई पति रमेश विश्वकर्मा (60) धूमा, राजकुमारी पति चतुर विश्वकर्मा (55) वार्ड क्रमांक 16 धूमा, लक्ष्मी पति राजकुमार (27) चरगांव, मिथ्याबाई पति विजय धुर्वे (47) चरगांव, राजकुमार पुत्र रघुवीर इनवाती (35) चरगांव, मो. सादिक पुत्र शहजाद (38) भगत सिंह वार्ड सिवनी, सौरभ पुत्र भूरन सिंह गौंड (20) जमखार धूमा, आरती पति शेलेश गजभिये (29) कुराड़ी नागपुर, राहुल पुत्र नूरसिंह डेहरिया (28) मुंगवानी बांधी, देवी सिंह पुत्र मोहन अहेके (24) जमखार धूमा, साक्षी पति राहुल डेहरिया (23) बांधी मुंगवानी उसका दो वर्षीय पुत्र धेर्य, दुर्गेश पुत्र धनीराम विश्वकर्मा (26) छतरपुर, रामकृष्ण पुत्र तामसिंह परते (35) खापा धूमा, मीरा पति रामचंद्र उइके (32) केरपानी धूमा, अमरूध पुत्र बाबूलाल लुढेरे (56), सुधा पति अमरूध (45) व पूजा पुत्री अमरूध (25) तीनों निवासी भांडे प्लाट नागपुर शामिल हैं।

# सृजन' अभियान अंतर्गत छात्र छात्राओं ने पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी का किया भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश पुलिस पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रारंभ सृजन अभियान 15 दिसंबर से 30 दिसंबर अंतर्गत किशोरों में आत्मविश्वास जगाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं,जिसके अंतर्गत पुलिस की विभिन्न इकाईयों की विजिट के माध्यम से उन्हें आत्मरक्षा,गुड टच-बैडटच,स्वास्थ्य,पोषण,साइबर सुरक्षा,बाल अधिकारों एवं संवाद कौशल,कैरियर गाइडेंस,सिविक सेंस जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं। साथ ही पुलिस विभाग के नवाचार डायल 112,दिशा लर्निंग सेंटर,सर्विलेंस कक्ष,पुलिस स्टूडेंट कैडेट योजना,राहवीर योजना,ट्रैफिक अवेयरनेस व नव विधान आदि के सम्बन्ध में जानकारी सांझा की जा रही हैं। इसी क्रम में सिवनी पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशल नेतृत्व व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में नियंत्रण कक्ष प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा क्रमशः महात्मा गांधी शास.हाई स्कूल सिवनी व शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भीमगढ़ के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की गई।
छात्र छात्राओं के प्रश्नों व जिज्ञासा को हल करने और यूनिफार्म सर्विसेज के प्रति प्रेरित किया गया।यह अभियान समाज और पुलिस के मध्य योजक बनकर सशक्त भविष्य की ओर प्रेरित कर रहा है। यह सिर्फ प्रशिक्षण नहीं,विश्वास की पुनर्स्थापना भी है। उक्त विजिट के दौरान सूबेदार शजितेंद्र रावतकर,एएसआई कुंदन वाडिवा,प्र.आर.श्रीमती दीपलता पटले,आर. दीक्षा बघेल,आर. वंदना बघेल,आर. अंकुर हरदाह व संबंधित विद्यालयों के समन्वयक शिक्षक गण की सराहनीय उपस्थिति रही।

## जिला स्तरीय रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 17 को लखनादौन में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आई.टी.आई. एवं स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन जिला सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं / युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन जिला सिवनी में दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी एवं स्वरोजगार योजना अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु सीमा के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होवें। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## पेंच स्थित विभिन्न रिसोर्टों का खाद्य एवं सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों ने किया निरीक्षण लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने

### आरण्यनी होटल रिसोर्ट का लाइसेंस निलंबित किया गया



**सिवनी,** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नमूना लेने की करवाई सतत जारी है। इसी कड़ी में विगत दिवस पेंच स्थित बाघ विला रिसोर्ट से पनीर, आरण्यनी होटल एंड इवेंट प्राइवेट लिमिटेड रिसोर्ट से पनीर एवं इमली का नमूना, तुली टाइगर कॉरिडोर रिसोर्ट से हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर का नमूना, इन्फिनिटी रिसोर्ट से मूंग दाल एवं मूंगफली दाना का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री को अस्वस्थ परिस्थितियों में रखने, किचन में साफ -सफाई की कमी पाए जाने को लेकर खाद्य सुरक्षा मानव अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री निर्माण एवं भंडारण करने के निर्देश दिए गए।
जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच करने की कार्रवाई आगे भी सतत जारी रहेगी। आरण्यनी होटल रिसोर्ट का लाइसेंस सुधार सूचना पत्र का जवाब न देने के कारण निलंबित किया गया, पेंच इन्फिनिटी रिसोर्ट को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की शर्तो का पालन न करने के कारण सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

# पत्रकार पर दर्ज फर्जी मामले के विरोध में ज्ञापन, निष्पक्ष जांच का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**थाना धनौरा अंतर्गत पत्रकार अमित सोनी पर दर्ज किए गए कथित फर्जी और षड्यंत्रपूर्वक मामले के विरोध में सोमवार को जिला मुख्यालय समेत तहसील धनौरा के पत्रकारों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की गई है।**



ज्ञापन में बताया गया कि धनौरा निवासी पत्रकार अमित सोनी विगत कई वर्षों से निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करते आ रहे हैं। उनके विरुद्ध थाना धनौरा में एक नाबालिग बालिका के माध्यम से छेडख़ानी जैसे गंभीर आरोपों के तहत मामला दर्ज कराया गया है, जिसे पत्रकारों ने पूरी तरह निराधार और असत्य बताया है। पत्रकारों का कहना है कि अमित सोनी द्वारा संबंधित नाबालिग की बड़ी बहन के विरुद्ध समाचार पत्र में खबरें प्रकाशित की जाती रही हैं।
इसी कारण दुर्भावनावश उन्हें बदनाम करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के उद्देश्य से यह मामला दर्ज कराया गया है। इसे सुनियोजित षड्यंत्र बताया गया। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि अमित सोनी की सामाजिक छवि साफ रही है और वे लगातार भ्रष्टाचार, अनियमितताओं तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को उजागर करते रहे हैं, जिससे कुछ लोगों में उनके प्रति द्वेष उत्पन्न हुआ है।
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रकरण की जांच एसडीओपी से कराई जाएगी और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
पत्रकारों ने मांग की कि यदि मामला फर्जी और षड्यंत्रपूर्वक दर्ज पाया जाता है तो दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया जनसुनवाई



**सिवनी-** मंगलवार, दिनांक 16/12/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज प्रातः 11:00 बजे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा अपने कार्यालय मे आयोजित जनसुनवाई आरंभ की गयी। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक श्री दिनेश मुनमुन जी ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### पेंच की बाघिन पीएन-224 राजस्थान जाएगी

# देश का पहला इंटर-स्टेट ट्रांसलोकेशन, जीन पूल सुधारने की तैयारी पूरी

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व और राजस्थान के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के बीच देश के पहले इंटर-स्टेट बाघ ट्रांसलोकेशन की तैयारी पूरी हो गई है। पेंच प्रबंधन ने कार्ययोजना में थोड़ा बदलाव करते हुए अब बाघिन पीएन-224 को राजस्थान भेजने का निर्णय लिया है। पहले बाघिन पीएन-230 की तलाश की जा रही थी।
बाघिन पीएन-230 की सही लोकेशन और कैमरा ट्रैप नहीं मिलने के कारण उसकी खोज में समय बर्बाद न करते हुए, मैदानी अमला अब दोबारा बाघिन पीएन-224 को ट्रैक करने में जुट गया है। राजस्थान के कोटा से सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुगनाराम जाट और वेटरनरी डॉ. तेजेंद्र सिंह रियार के पेंच पहुंचने के बाद इस पर सहमति बनी।
इसके बाद संयुक्त सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, हाथियों की लगातार मौजूदगी के कारण बाघिन छिप रही है। सर्चिंग के दौरान बाघिन की लोकेशन और पगमार्क मिले हैं, लेकिन वन अमले को वह प्रत्यक्ष रूप से नहीं दिखी है। बाघिन की मौजूदगी अपने क्षेत्र में बनी हुई है।
अधिकारियों के अनुसार, एक-दो दिनों तक बाघिन को ट्रैक कर उसकी गतिविधियां देखने के बाद उसे ट्रेंकुलाइज करने का निर्णय लिया जाएगा। इस बार बाघिन को बेहोश करने के बाद सैटेलाइट कॉलर लगाकर जंगल में वापस छोडऩे के बजाय सीधे राजस्थान भेजने की तैयारी है। यह अभियान कब पूरा होगा, यह बाघिन के दिखने पर निर्भर करता है।
यह ट्रांसलोकेशन राजस्थान के बाघों का जीन पूल सुधारने के उद्देश्य से किया जा रहा है। पेंच की बाघिन पीएन-224 को इसी उद्देश्य से चिह्नित किया गया है। इससे पहले 5 दिसंबर को पीएन-224 को डार्ट मारकर ट्रेंकुलाइज किया गया था, लेकिन अगले ही दिन उसका रेडियो कॉलर गिर गया था। दोबारा ट्रेंकुलाइज करना खतरनाक हो सकता था, इसलिए बाघिन पीएन-230 की खोज शुरू की गई थी।टाइगर रिजर्व ले जाने के लिए चयनित की गई बाघिन पीएन-224 बफर इलाके रुखड़ व कुरई रेंज स्थित अपनी टेरिटरी में ही मौजूद है। बाघिन पीएन-224 को स्वास्थ्य कारणों के री-ट्रेंकुलाइज न करने का निर्णय लिया गया था। अभियान को पूर्ण करने में ज्यादा दिन ना लगे इसलिए पीएन 224 की जगह लगभग 3 साल की बाघिन पीएन-230 को भी राजस्थान भेजने का निर्णय लिया गया था।
दो हाथी दल के साथ ही 8 लाइव कैमरे व 22 कैमरा ट्रैप के माध्यम से दोनों की सर्चिंग का अभियान चलाया जा रहा था। लेकिन बाद में निर्णय बदल कर पीएन-224 को ही राजस्थान भेजेंगे पर सहमति बनी। जिसके चलते पीएन-224 की सर्चिंग की जा रही है। आज 16 दिसंबर को भी सुबह से सर्चिंग दल पेंच टाइगर रिजर्व के जंगल मे बाघिन को तलाश कर रहा है।
सुकतरा से बाघिन को लेकर उड़ेगा हेलीकॉप्टर
टेरिटरी में की जा रही है। यह इलाका सुकतरा हवाई पट्टी से ज्यादा दूर नहीं है। बाघिन को सुकतरा हवाई पट्टी से ही हेलीकॉप्टर के माध्यम से राजस्थान शिफ्ट किया जाएगा। इस संबंध में लगभग अंतिम निर्णय लिया जा चुका है।

## श्री श्याम फाउंडेशन, बरघाट ने स्व. श्री रामदीन कुशवाहा की स्मृति में बरघाट अस्पताल में इ. सी. जी. मशीन भेंट की

।**सिवनी।** दिनांक 15 दिसंबर को श्याम फाउंडेशन बरघाट द्वारा स्व. श्री रामदीन कुशवाहा जी की स्मृति में बरघाट क्षेत्र की जनता की अति आवश्यक इ. सी. जी. मशीन सरकारी अस्पताल में भेंट की जिसमे संस्था के सदस्य, मार्गदर्शक सांसद प्रतिनिधि गोमती ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि विकास जैन, अम्बिका साहू, अखिल अग्रवाल, राजेश साहू, सुजीत सूर्यवंशी, राजेंद्र सिंह ठाकुर, नरेश राजपूत, के. सी. राउर, रमन लुधियाना, जितेंद्र कुशवाहा, मनीष नाहर, आयुष ठाकुर, अनिल बोपचे, अंशुल रहाँगडाले, तजेंद्र कटरे, बंटी श्रीवास, राहुल साहू, शानू हनवत दर्श राउर व अस्पताल में पदस्थ चिकित्स डॉ रूचि बाघमारे, डॉ जितेंद्र सिंग सहित नर्सिंग स्टॉफ व अन्य कर्मचारी सम्मलित हुए, संस्था के द्वारा भविष्य में भी अन्य सामाजिक कार्यों को करने की प्रतिबद्धता का संकल्प लिया गया।

## किसान बोले- कावेली समिति को बनाए सेंटर, धान नहीं बिका तो बिचौलियों को बेचेंगे

# 45 किमी दूर खरीदी केंद्र बनाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में धान खरीदी 1 दिसंबर से शुरू हो गई है, लेकिन किसान सेवा सहकारी समिति कावेली को खरीदी केंद्र न बनाए जाने से क्षेत्रीय किसान परेशान हैं। अपनी उपज बेचने में आ रही दिक्कतों के कारण किसानों ने अब तक अपनी फसल नहीं बेची है।

किसानों की मुख्य समस्या यह है कि समिति से जुड़े किसानों के लिए धान खरीदी केंद्र सोनगुड्डा बनाया गया है, जो उनके गांवों से 40 से 45 किलोमीटर दूर है। इतनी लंबी दूरी तय कर धान बेचना किसानों के लिए मुश्किल भरा है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने स्पष्ट




चेतावनी दी कि यदि किसान सेवा सहकारी समिति कावेली को धान खरीदी केंद्र नहीं बनाया जाता है, तो वे अपनी धान सोसाइटी में बेचने के बजाय बिचौलियों को सस्ते दामों पर बेच देंगे। किसानों का कहना है कि उन्होंने सोसाइटी से बीज और खाद के लिए ऋण लिया है, जिसका भुगतान वे फसल बेचकर करना चाहते हैं। क्षेत्रीय जनपद सदस्य रमेश नंदकिशोर पंद्रे ने बताया कि किसान सेवा सहकारी समिति कावेली से तीन-चार पंचायतों के लगभग 18 से 20 गांवों के किसान जुड़े हैं। ये सभी किसान चाहते हैं कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी कावेली समिति को ही केंद्र बनाया जाए, ताकि वे आसानी से अपनी धान बेच सकें।

उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे लगभग 3 हजार किसान हैं, जिन्होंने अब तक अपनी धान नहीं बेची है। ग्राम कावेली के किसानों की समस्या सुनने के बाद कलेक्टर मृणाल मीणा ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक को इस मामले में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# उकवा मॉयल परिसर में तेंदुए की दस्तक से दहशत में कार्य कर रहे मजदूर

हरिभूमि न्यूज उकवा।





खनिज नगरी उकवा के खनन क्षेत्र में इन दिनों हिसंक जीव तेंदुए की दस्तक से लोगों में भय व्याप्त है, और लोग डर के साए में रहकर कार्य करने मजबूर है,ज्ञात हो कि उकवा मॉयल में प्रतिदिन हजारों की संख्या में मंजदूर कार्य करते है,जहां तीन पारी में पूरे चौबीस घंटे कार्य चलता रहता है,अभी कुछ दिनों से लगातार वन्य प्राणी तेंदुआ लोगो को किसी भी समय दिन में रात में दिखाई दे रहा है,जो इंसानो के बहुत निकट से गुजरा रहा है,जिस कारण लोगों में अत्यन्त भय व्याप्त हो गया है,जिसकी सूचना मॉयल में कार्य करने वाले लोगों ने संबंधित विभाग को भी बताया है, प्रबंधन द्वारा तत्काल इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गई ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न घट सके,सूचना पाकर आज रेंजर प्रियंका मरकाम , वनपाल अरविंद कढूकर, वनरक्षक कमलेश मरकाम,एवं वन्य जीव संरक्षण के लिय निरन्तर कार्य वाले वन रक्षक सचिन पद्ममें ,सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक, खान प्रबंधक निषाद निकोसे, मुख्य कार्मिक अधिकारी समीर बैनर्जी,नीरज पसीने प्रबंधक सर्वे,एवं अन्य वन विभाग के अधिकारियों ने उक्त स्थल का अवलोकन किया,खदान क्षेत्र के कुछ खुले क्षेत्रों को पूरी तरह से बंद किया ताकि कोई भी वन जीव वहां प्रवेश न कर सके,लोगो को सावधानी बरतने एवं अकेले या पैदल इस मार्ग से खास कर रात में गुजरने हेतु मना किया,तथा सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को अपने निकट आग जला कर बैठने हेतु कहा,ग्रामीणों को आगाह करने आज वन विभाग उकवा द्वारा गली गली में जाकर माइक के माध्यम से सूचना प्रसारित कर सचेत रहने हेतु आवाहन किया गया।

# कंजई धान खरीदी केंद्र में किसान की धान चोरी, थाने में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित कंजई के धान खरीदी केंद्र में एक किसान की धान चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी का खुलासा तब हुआ, जब किसान ने हंगामा किया। मामले की शिकायत ग्राम कंजई निवासी किसान होलुराम पंचेश्वर ने पुलिस थाना लालबर्रा में दर्ज कराई है। किसान होलुराम पंचेश्वर ने बताया कि 12 दिसंबर को उनके द्वारा अपना धान विक्रय करने के लिए 16 कट्टी बारीक धान की बोरियों को धान खरीदी केंद्र ले गया था, जहां पर नाप तौल तथा मार्किंग होने के बाद वे किसी कार्य से कुछ देर के लिए केंद्र से बाहर चले गए। वहां वापस आकर अपनी धान



देखने के बाद उसने पाया कि उनकी धान की एक कट्टी गायब है। इस पर उन्होंने धान खरीदी प्रभारी को फोन लगाया , लेकिन वह खरीदी केंद्र में न होकर लालबर्रा में थे। जिसके बाद उन्होंने यह बात ग्राम सरपंच प्रतिनिधि को बताई। इस बीच खरीदी केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा गया। जिसमें पाया गया कि उनकी एक कट्टी धान की बोरी को धान खरीदी करने वालों के द्वारा ग्राम बांदरी के किसान बाघमारे की धान की बोरियों के बीच रख दिया गया था। जिससे खरीदी केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक करवाने पर मामला उजागर हो गया।कंजई धान खरीदी केंद्र में कंजई के अलावा भांडामुर्री, टेंगनीखुर्द, सालेबर्री, बांदरी गांव आते है। इन गांवों के 898 किसान पंजीकृत है। पंजीकृत किसानों के लिए 55 हजार बारदाना बुलाया गया है। इनमें से 328 किसानों से अभी तक 1091 क्विंटल धान खरीदा गया है। हालांकि, खरीदा गया धान अभी तक परिवहन नहीं किया जा सका है। खरीदी केंद्र में चार सीसीटीवी कैमरे लगे रहने के बाद भी किसान का धान चोरी होना बड़ा ही गंभीर मामला है। जिसकी जांच होनी चाहिए। और कार्य के प्रति लापरवाही बरत रहे कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# धान उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने की धान खरीदी की समीक्षा

## अन्य राज्यों से धान मंगाने पर लगायी गई रोक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 16 दिसम्बर को जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।**

बैठक में तय किया गया कि आगामी आदेश तक जिले में अन्य राज्यों से व्यापारियों एवं मिलर्स द्वारा धान नही मंगायी जाएगी। यदि व्यापारी एवं मिलर्स द्वारा अन्य राज्यों से धान मंगाई जाती है तो नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी को धान के उपयोग के संबंध में जानकारी देना होगा तभी वे अन्य राज्यों से धान मंगा सकते है। बगैर जानकारी दिये धान मंगाये जाने पर संबंधित व्यापारी एवं मिलर्स के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी और धान को उपार्जन समाप्ति तक सील कर दिया जाएगा। जिन व्यापारी एवं मिलर्स द्वारा आज तक अन्य राज्यों से धान मंगाई गई है उसकी सघन जांच करने एवं दस्तावेजों का परीक्षण करने के निर्देश दिये गए। मंडी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखे और चेक पोस्ट पर आने वाली धान की जानकारी व्यापारियों के नाम सहित जिला कंट्रोल रूम को प्रस्तुत करें। किसानों को शीघ्रता से भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को कुल परिवहन की गई मात्रा के विरूद्ध शत प्रतिशत स्वीकृति पत्रक जारी करने के निर्देश दिये गए। लालबर्रा विकासखंड में गोदाम स्तरीय केंद्रो से धान का परिवहन कम पाए जाने पर उसे बढ़ाने के निर्देश दिये गए।

# 39 हजार 425 किसानों से 437.46 करोड़ रुपए की, 18 लाख 46 हजार 642 क्विंटल धान की हुई खरीदी

## किसानों को 83.57 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 185 केंद्रो पर 01 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। 16 दिसम्बर की शाम तक जिले के 39 हजार 425 किसानों से 18 लाख 46 हजार 642 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 437 करोड़ 46 लाख 94 हजार 898 रुपए का भुगतान किया जाना है। किसानों से खरीदे गए 11 लाख 08 हजार 495 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया जा चुका है। अब तक किसानों को 83 करोड़ 57 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।

जिले में गोदाम स्तर पर बनाए गए 58 केंद्रो पर 06 लाख 68 हजार 843 क्विंटल एवं समिति स्तरीय 127 केंद्रो पर 11 लाख 77 हजार 799 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। धान खरीदी के दौरान किसानों का भुगतान 03 दिनों के भीतर हो जा रहा है। गोदाम स्तरीय केंद्र में धान विक्रय करने वाले किसानों के भुगतान आदेश जेआईटी पोर्टल पर पहुंच गए है और शीघ्र ही राशि किसानों के खाते में पहुंच रही है। समिति स्तर के केंद्रों पर धान विक्रय करने वाले किसानों को भुगतान में कुछ दिनों का इंतजार करना होगा। खरीदी केंद्र से गोदाम में धान पहुंचने पर ही उसके भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जबकि गोदाम स्तर के केंद्र पर धान विक्रय करने के साथ ही भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है।


कलेक्टर श्री मीना ने कहा है कि जिले के जिन खरीदी केंद्रो पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, उन पर कड़ी निगरानी बनाए रखे। किसानों से खरीदी के दौरान निर्धारित मात्रा में ही धान की तौल की जाए। खरीदी केंद्रो से धान का उठाव कर उसे शीघ्रता से गोदामों में पहुंचाया जाए। सभी केंद्रो पर बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था रखे, जिससे परिवहन एवं बारदाने के अभाव में धान की खरीदी प्रभावित नही होना चाहिए।

## कलेक्टर नें ली पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 16 दिसंबर कों पशु पालन,डेयरी विभाग और मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री मीना नें पशु चिकित्सालय,पशु औषधालय व उपकेंद्रों में उपस्थिति पंजीयन की जानकारी ली । उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि वे विभागीय संस्थाओ में उपस्थिति का पंजीयन सार्थक एप्प के माध्यम से हीं कराना सुनिश्चित करें। विकासखंड स्तरीय पशु संख्या व पशुओ के उपचार की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि पशुओ के उपचार व दवाएॅ दोनों की उपलब्धता कों सुनिश्चित करें। कोई भी पशु उपचार से छूटने न पाए उसका पूर्ण रूप से उपचार हो। इस दौरान उन्होंने लालबर्रा, बैहर व अन्य विकासखंडो के अधिकारियों से कहा कि वे नागरिकों का भरोसा कायम करें जिससे वे अपने पशुओ का इलाज अस्पताल आकर करवाए।

## पत्रकार प्रकाश दुबे को पितृशोक

**पंचतत्व में विलिन हुए दिवंगत धानेश्वर प्रसाद दुबे, पत्रकार जगत में शोक**



**बालाघाट।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश दुबे के पिता 78 वर्षीय धानेश्वरप्रसाद दुबे का सोमवार की शाम 6.30 बजे निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार, जागपुर घाट स्थित मोक्षधाम में किया गया। जहां उन्हें पुत्रों ने मुखाग्नि दी।वे अपने पीछे बड़े पुत्र दिलीप दुबे, मंझले पुत्र नंदकिशोर दुबे और छोटे पुत्र प्रकाश दुबे सहित बेटी रेखा तिवारी का भरापूरा परिवार छोड़ गए है। बताया जाता है कि विगत कुछ समय से वे अस्वस्थ्य चल रहे थे। आपको बताते चले कि विगत 6 माह पूर्व ही पत्रकार प्रकाश दुबे की माताजी का भी निधन हो गया था। 6 माह में दुबे परिवार के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। जो दुबे परिवार के किसी वज्रपात से कम नहीं है। पत्रकार प्रकाश दुबे को पितृशोक से पूरे पत्रकार जगत में शोक का माहौल है, पत्रकार साथियों और स्नेहीजनों ने घर पहुंचकर पुण्यात्मा के दर्शन कर उन्हें नमन किया और अपनी अश्रुपूरित श्रद्वाजंलि अर्पित की।

# मोरवाही में जल जीवन मिशन की योजना के ट्रायल एंड रन का पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



16 दिसंबर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके ने एसडीओ रविन्द्र हट्टेवार एवं उपयंत्री के साथ किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मोरवाही में जल जीवन मिशन की पूर्ण हो चुकी जल प्रदाय योजना के ट्रायल एंड रन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों एवं जल प्रदाय व्यवस्था को भी देखा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए पाइपलाइन बिछाने, घरेलू नल कनेक्शनों तथा नियमित पेयजल आपूर्ति की स्थिति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं ग्रामीणों को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कर्मचारियों एवं ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर पेयजल से संबंधित समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में प्रत्येक घर तक नियमित, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर निगरानी एवं नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं, ताकि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण हो सकें।



# स्काउटिग के जनक लार्ड बैडेन पॉवेल की प्रतिमा का लोकार्पण कलेक्टर द्वारा किया गया



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** स्काउट गाइड जिला प्रशिक्षण केन्द्र टिहली बाई वारासिवनी में दिनांक 10 दिसम्बर 2025 से 16दिसम्बर2025 तक स्काउट गाइड बेसिक, एडवांस ,कब बुलबुल का प्रशिक्षण आयोजित था इसी तारिको के मध्य 15 दिसंबर 2025को लार्ड बैडेन पॉवेल कि प्रतिमा का लोकार्पण समारोह रखा गया इस लोकार्पण समारोह में जिला कलेक्टर बालाघाट सम्मानीय मृणाल मीना विशेष अतिथि द्वारा अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। लार्ड बैडेन पॉवेल कि प्रतिमा स्काउट मास्टर मकबूल मोहम्मद कुरेशी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर द्वारा सप्रेम भेंट की गई।

इस कार्यक्रम में एस.डी.एम. वारासिवनी, स्काउट गाइड राज्य संभागीय आयुक्त श्री ललित मिश्रा स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष श्री छगन हनवत, निर्माण समिति कोषाध्यक्ष श्री भैजेन्द्रचौधरी ,शिविर संचालक श्रीडोलीराम भगत,शिविरसंचालक श्री विजय कुमार शुक्ला, शिविर संचालक हरिप्रसाद देशमुख, श्रीमती सायरा बानो कुरैशी,तेजलाल टेम्भरे,डी.ओ.सी.श्री इनेन्द्र डहरवाल, काउन्सलर श्री देवलाल राहंगडाले काउन्सलरसोहनलाल पटले, निर्माण समिति के सलाहकार श्री हनवत जी. श्रीमती नीता बोपचे, श्रीमती लक्ष्मी पटले, शाइस्ता कुरैशी एवं विभिन्न जिलों से आए सकाउटर गाइडर प्रशिक्षणार्थी तथा स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में मकबूल मोहम्मद कुरेशी स्काउटर ने बैडेन पॉवेल कि प्रतिमा भेंट कर सराहनीय योगदान दिया किरनापुर वासियों ने कहा कि कुरैशी सर का यह योगदान काबिले तारीफ है हम सभी दिल से उन्हें बधाई देते हैं ।सभी का सहयोग काबिले तारीफ रहा। इस अवसर पर कैंप फायर भी हुआ, इसके अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।

## नक्सलियों के समर्पण के बाद उनकी निशानदेही पर जंगल खंगाल रही पुलिस

# नक्सली डम्प से 11 लाख 57 हजार नगद सहित हथियार बरामद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सरेंडर नक्सलियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने जंगल में छिपाए गए नक्सली डंप से 11 लाख रुपए से अधिक की नकदी और भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद किए हैं। जिले में यह पहला मौका है जब किसी नक्सली डंप से इतनी बड़ी रकम मिली है।सोमवार को पुलिस ने प्रेस को इस कार्रवाई की जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार, नवंबर से दिसंबर के बीच कुल 13 नक्सलियों ने अलग-अलग समय पर आत्मसमर्पण किया था। इनमें एक, 10 और दो नक्सलियों के समूह शामिल थे। आत्मसमर्पण के बाद पूछताछ के दौरान इन नक्सलियों ने





जिले के अलग-अलग जंगली इलाकों में छिपाए गए नक्सली डंप की जानकारी दी।

सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों की टीम ने जंगल में सघन तलाशी अभियान चलाया। अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखे गए डंप को बरामद किया गया। सोमवार को पुलिस ने प्रेस को इस कार्रवाई की जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार डंप से कुल 11 लाख 57 हजार 385 रुपए नकद बरामद हुए हैं। इसके अलावा चार सेमी-ऑटोमैटिक राइफल, एक ग्रेनेड लॉन्चर, एक बोल्ट एक्शन राइफल और आठ पंप एक्शन सिंगल शॉट राइफल भी मिली हैं।

बरामद सामग्री में एक देसी कट्टा, 451 राउंड कारतूस, 26 मैगजीन, क्लेमोर माइंस पाइप, 500 ग्राम बारूद और करीब 16 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री शामिल है। इसके साथ ही 22 मेटल स्पाइक्स, दो किलोग्राम बोल्ट और छर्रे भी मिले हैं।

इसके अलावा पांच इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, वोल्ट मीटर, बैटरी सेल, स्टेथेस्कोप, बीपी मशीन और जीवन रक्षक दवाएं भी बरामद की गई हैं।

डंप से टेंट का सामान, नक्सली वर्दी, पिट्ठू बैग, नक्सल साहित्य, राशन और खाना पकाने का सामान, हथियारों की देखरेख से जुड़ी सामग्री और ड्रिल मशीन जैसी कई अन्य वस्तुएं भी मिली हैं। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों को बड़ा झटका लगा है और आगे भी सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा।

## आदिवासी बैगा बाहुल क्षेत्र पिपरिया में मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर आयोजित

# वनांचल की बेटियों के लिए मासिक धर्म पर जागरूकता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वनांचल एवं आदिवासी बैगा बहुल अंचल में बसे ग्राम पिपरिया, तहसील बैहर, जिला बालाघाट के शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट (मध्य प्रदेश) द्वारा मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। दुर्गम आदिवासी क्षेत्र में आयोजित यह कार्यक्रम किशोरी बालिकाओं के जीवन में स्वास्थ्य, आत्मसम्मान और संवेदनशील समझ की नई रोशनी लेकर आया।आज भी वनांचल क्षेत्रों में मासिक धर्म जैसे विषय सामाजिक संकोच, चुप्पी और भ्रांतियों के आवरण में दबे रहते हैं। ऐसे वातावरण में यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आदिवासी किशोरियों के मन में आत्मविश्वास, स्वीकार्यता और सही दृष्टिकोण का बीज बोने का सशक्त माध्यम बना।कार्यक्रम में आयुष विभाग से डॉ. संवेदिता कुमारे एवं सिविल अस्पताल बैहर से बी.ई. मेडम सरोज रामटेके ने किशोरी बालिकाओं से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए मासिक धर्म से जुड़ी स्वाभाविक प्रक्रियाओं, स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर सरल और संवेदनशील शब्दों में प्रकाश डाला। उन्होंने बालिकाओं को



अपने शरीर को समझने, उसकी गरिमा को पहचानने और बिना झिझक अपनी देखभाल करने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर आदर्श दानपात्र सेवा समिति की सदस्य कविता एवं मनीषा गोंडाने ने भी किशोरी बालिकाओं से संवाद कर उनके मन में वर्षों से जमी शंकाओं, भय और झिझक को दूर किया तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।आदर्श दानपात्र सेवा समिति के अध्यक्ष श्री राहुल वैद्य ने अपने संबोधन में कहा कि समिति का उद्देश्य वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाली बेटियों के जीवन में स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्मबल और सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि जब एक किशोरी जागरूक, स्वस्थ और आत्मविश्वासी बनती है, तभी समाज की नींव मजबूत होती है।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री श्री देवेन्द्र कुमार बिसेन जी एवं शिक्षक स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने इस प्रकार के जागरूकता शिविरों को आदिवासी अंचलों के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए समिति के प्रयासों की सराहना की।शिविर के अंत में सभी किशोरी बालिकाओं के स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। यह संपूर्ण कार्यक्रम जनसहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने इस मानवीय पहल में सहयोग देने वाले सभी डॉक्टरों, विद्यालय प्रशासन, समिति सदस्यों एवं दानदाताओं डॉ सरोज घोड़ेश्वर, भारती ढोके, राजमित्रा चोखांद्रे, प्रीति रंगलानी, पंचशील वैद्य जी का हृदय से आभार व्यक्त किया।